Title: Need to accord sanction to the proposal of the Government of Rajasthan for construction of Indira Canal Project at Rameshwar Ghat

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : सभापति महोदय, लगातार तीसरी बार देश के उत्तर पश्चिम के अधिकांश भाग में सूखे के कारण गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। राज्य सरकार पेयजल व्यवस्था करने में भी सक्षम नहीं रही। सूखे से निपटने के लिये वार्ा जल का प्रबन्धन करना अत्यन्त आवश्यक है। राजस्थान में चम्बल, बनास एवं मोरेल नदी का जल बह कर समुद्र में चला जाता है। यदि इस जल का एक चौथाई भाग रोक दिया जाये तो राजस्थान प्रान्त कभी भी सुखे के कारण परेशानी में नहीं पड़ेगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में चम्बल और बनास दोनों नदियों का प्रवाह अनेक स्थानों पर रोकने योग्य है। सवाई माधोपुर जिले के रामेश्वर घाट पर इंदिरा जलोस्थान योजना का सर्वे पूर्ण हो चुका है। यह योजना स्वीकृत होने से एक लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की जा सकती है और दौसा, जयपुर जैसे बड़े शहरों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकता है।

मैं आपके माध्यम से जल संस्थान मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत रामेश्वर घाट पर इंदिरा केनाल योजना को शीघ्र स्वीकृत करने का कट करें, साथ ही छोटी-बड़ी नदियों में जो जल बह कर समुद्र में चला जाता है, उन पर छोटे-छोटे बांध एवं ऐनी कट बनाकर राजस्थान को सरसब्ज व हरा-भरा बनाने पर अधिक ध्यान दिया जाये।